PART-**1**

# अरब भूगोलवेत्ता- मोहम्मद अब्दुल कासिम

## भाग-4

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

## अरब भूगोलवेत्ता (Arab Geographers in hindi)

अनेक अरब लेखकों और विद्वानों ने भूगोल के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान किया है। उनमें से कुछ प्रमुख विद्वानों के योगदान की संक्षिप्त चर्चा यहाँ की जा रही है।

### (1) मोहम्मद अब्दुल कासिम (Mohammad Abdul Qasim)

मेसोपोटामिया के नासिबिन नगर में जन्में मोहम्मद कासिम बगदाद के निवासी थे। इन्हें इब्न-हाकल-अबू-अल-मोहम्मद कासिम के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने पैदल ही अनेक देशों की यात्राए की थी। 943 ई० में यात्रा आरंभ करके उन्होंने उत्तरी अफ्रीका, मिस्त्र, सीरिया, आरमेनिया, अजरबेजान, अल जजीरा, ईराक, ईरान, ट्रांसोजानिया, सिसली आदि की यात्राएं की थी। उन्होंने अपनी यात्रा वर्णन से संबंधित एक पुस्तक लिखा था जिसका नाम है 'मार्गों और

परिमंडलों की पुस्तक’ (A Book of Routes and Realms)। इसमें विभिन्न देशों एवं प्रदेशों की सीमाओं, नदियों, जलाशयों, मार्गों, संसाधनों, व्यापारिक वस्तुओं, नगरों आदि का वर्णन सम्मिलित है।

मोहम्मद कासिम ने यूरोपीय देशों का भी भौगोलिक वर्णन किया है। उनके विवरण के अनुसार कैस्पियन सागर उत्तरी सागर से जुड़ा नहीं है। उन्होंने यूरोप को एक द्वीप बताया था उन्होंने विभिन्न प्रदेशों की कृषि प्रणालियों तथा कृषि उपजों आदि का भी वर्णन किया था।